*Think*
IAS...

*Think*
Drishti

दृष्टि *The Vision*

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग (CGPSC)

# खेलकूद

(छत्तीसगढ़ के विशेष संदर्भ सहित)



दूरस्थ शिक्षा कार्यक्रम *(Distance Learning Programme)*

Code: CGPM03

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग (CGPSC)

# खेलकूद

(छत्तीसगढ़ के विशेष संदर्भ सहित)

दृष्टि The Vision

641, प्रथम तल, डॉ. मुखर्जी नगर, दिल्ली-110009
दूरभाष : 8750187501, 011-47532596
टोल फ्री : 1800-121-6260
**Web :** www.drishtiIAS.com
**E-mail :** online@groupdrishti.com

पाठ्यक्रम, नोट्स तथा बैच संबंधी updates निरंतर पाने के लिये निम्नलिखित पेज को "like" करें
www.facebook.com/drishtithevisionfoundation
www.twitter.com/drishtiias

CGPCS DLP

# विषय सूची (Contents)

| | | |
|---|---|---|
| **1.** | **प्रमुख खेलकूद** | **5-24** |
| **1.1** | विश्व के प्रमुख खेल | 5 |
| **1.2** | भारत के प्रमुख खेल | 18 |
| **2.** | **प्रमुख खेल प्रतियोगिताएँ** | **25-74** |
| **2.1** | अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताएँ | 25 |
| **2.2** | राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताएँ | 58 |
| **3.** | **प्रमुख खेल संस्थाएँ/संगठन** | **75-87** |
| **3.1** | अंतर्राष्ट्रीय खेल संस्थाएँ | 75 |
| **3.2** | भारत की प्रमुख खेल संस्थाएँ | 81 |
| **4.** | **प्रमुख खेल पुरस्कार** | **88-102** |
| **4.1** | विश्व के प्रमुख खेल पुरस्कार | 88 |
| **4.2** | भारत के प्रमुख खेल पुरस्कार | 96 |
| **5.** | **प्रमुख खेल व्यक्तित्व** | **103-137** |
| **5.1** | विश्व के प्रमुख खेल व्यक्तित्व | 103 |
| **5.2** | भारत के प्रमुख खेल व्यक्तित्व | 120 |

**6. छत्तीसगढ़ : खेल परिदृश्य** **138-158**

**6.1** छत्तीसगढ़ के प्रमुख खेल 138

**6.2** छत्तीसगढ़ की प्रमुख खेल प्रतियोगिताएँ 143

**6.3** छत्तीसगढ़ के प्रमुख खेल संघ 145

**6.4** छत्तीसगढ़ के प्रमुख खेल पुरस्कार 146

**6.5** छत्तीसगढ़ के प्रमुख खेल व्यक्तित्व 147

**6.6** छत्तीसगढ़ खेल नीति, 2016 149

अध्याय

1

# प्रमुख खेलकूद (Major Sports)

खेलकूद लोगों के मनोरंजन का प्रमुख एवं परंपरागत साधन है। खेलकूद का अस्तित्व प्राचीन काल से ही रहा है, परंतु समय-समय पर इसके स्वरूप में परिवर्तन होता रहा है। खेलकूद से लोगों का मनोरंजन तो होता ही है, साथ ही स्वस्थ शरीर का निर्माण भी होता है। प्राचीन काल में लोग शारीरिक श्रम अधिक करते थे जिससे उनका शरीर हृष्ट-पुष्ट रहता था, परंतु वर्तमान भौतिकवादी युग में शारीरिक श्रम का महत्त्व कम होता जा रहा है जिससे लोगों को स्वास्थ्य संबंधी कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में लोगों को मनोरंजन के साथ-साथ अपने शरीर को स्वस्थ बनाए रखने के लिये खेल गतिविधियों में अधिक-से-अधिक भागीदारी करनी चाहिये।

## 1.1 विश्व के प्रमुख खेल *(Major Sports of the World)*

वर्तमान में विभिन्न पेशेवर खेल गतिविधियों एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन पूरे विश्व में किया जाता है। पेशेवर स्तर पर खेले जाने वाले कुछ प्रमुख खेल निम्नलिखित हैं-

### फुटबॉल *(Football)*

- फुटबॉल विश्व के प्रसिद्ध खेलों में से एक है। इसे सामान्यतः 'सॉकर' नाम से जाना जाता है। यह सामूहिक रूप से 11 खिलाड़ियों वाले दो दलों के मध्य एक आयताकार घास (कृत्रिम या प्राकृतिक) के मैदान पर खेला जाता है।
- फुटबॉल का इतिहास अत्यंत प्राचीन है। मध्यकालीन यूरोप में फुटबॉल को अनेक रूपों में खेला जाता था। फीफा के अनुसार, "वैज्ञानिक सबूत हैं कि फुटबॉल खेल की प्रारंभिक शैली का विकास चीन में ई.पू. दूसरी तथा तीसरी सदी में हुआ था जो सूचू (Tsu-chu) खेल के रूप में प्रसिद्ध थी।"
- फुटबॉल से संबंधित **कैंब्रिज नियम (Cambridge rule)** सबसे पहले 1848 में कैंब्रिज विश्वविद्यालय में तैयार किये गए थे। आधुनिक फुटबॉल का जन्मदाता इंग्लैंड को माना जाता है, जब वहाँ वर्ष 1857 में विश्व का पहला फुटबॉल क्लब **'शेफील्ड फुटबॉल क्लब'** का गठन हुआ।
- 'फेडरेशन इंटरनेशनल डी फुटबॉल एसोसिएशन' (फीफा) विश्व का सर्वोच्च फुटबॉल नियामक निकाय है जिसका मुख्यालय ज़्यूरिख (स्विट्ज़रलैंड) में है। फुटबॉल की सबसे बड़ी प्रतियोगिता फुटबॉल विश्व कप होती है जिसका आयोजन फीफा द्वारा कराया जाता है। पहले विश्व कप का आयोजन वर्ष 1930 में उरुग्वे में हुआ था। उसके पश्चात् प्रत्येक चार वर्ष के अंतराल पर इसका आयोजन होता है, परंतु 1942 एवं 1946 में द्वितीय विश्वयुद्ध के कारण फुटबॉल का विश्व कप नहीं हुआ।

| स्मरणीय तथ्य (फुटबॉल) | |
|---|---|
| मैदान की लंबाई | 90-120 मीटर |
| मैदान की चौड़ाई | 45-90 मीटर |
| अंतर्राष्ट्रीय मैचों के लिये लंबाई | 100 – 110 मीटर |
| अंतर्राष्ट्रीय मैचों के लिये चौड़ाई | 64 – 75 मीटर |
| गेंद का वज़न | 410 – 450 ग्राम। |

*कुछ महत्त्वपूर्ण बिंदु*

- मैदान की सबसे बड़ी सीमा-रेखा टच या किनारे की रेखाएँ हैं, जबकि सबसे छोटी सीमा-रेखा, गोल रेखा (जहाँ से गोल मारा जाता है) है। ऊर्ध्वाधर गोल पोस्ट का भीतरी किनारा 7.3 मी. (8 यार्ड) होता है तथा क्षैतिज क्रॉसबार का निचला छोर 2.44 मी. (8 फुट) होता है।
- **पेनल्टी क्षेत्र:** गोलपोस्ट के सामने का क्षेत्र।
- **पेनल्टी किक:** जब बचाव दल के सदस्यों द्वारा फाउल होता है।

- **भारत के प्रमुख बिलियर्ड्स खिलाड़ी:**

  **पुरुष**- पंकज आडवाणी, गीत सेठी, सुभाष अग्रवाल, माइकल फेरेश, विल्सन जोंस, अशोक शांडिल्य अर्जुन ठाकुर।

  **महिला**- चित्रा मागीमैराजन, नीना परवीन, कीरत भंडाल, मीनल प्रकाश ठाकुर।

## पोलो *(Polo)*

- कोलकाता पोलो क्लब, जिसकी स्थापना वर्ष 1862 में हुई थी, भारत का सबसे पुराना क्लब है।

## परीक्षोपयोगी महत्त्वपूर्ण तथ्य

- आधुनिक फुटबॉल का जन्म इंग्लैंड में हुआ।
- विश्व के पहले फुटबॉल क्लब 'शेफील्ड फुटबॉल क्लब' का गठन वर्ष 1857 में हुआ।
- कैंब्रिज नियम फुटबॉल से संबंधित है।
- भारत का पहला फुटबॉल क्लब 'डलहौज़ी क्लब' था।
- विश्व का पहला क्रिकेट टेस्ट मैच इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के मध्य खेला गया था।
- एकदिवसीय क्रिकेट में तीन बार दोहरा शतक बनाने वाले विश्व के एकमात्र खिलाड़ी रोहित शर्मा हैं।
- हॉकी का पहला अंतर्राष्ट्रीय मैच राइल में बेल्स एवं आयरलैंड के मध्य खेला गया था।
- हॉकी में शूटिंग सर्किल बेसलाइन से 15 मी. की दूरी पर होता है।
- टेनिस की विंबलडन प्रतियोगिता का प्रारंभ 'ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप' के नाम से हुआ था।
- शतरंज में आकस्मिक खेल आमतौर पर 10 से 60 मिनट का होता है।
- बेसबॉल की शुरुआत 19वीं सदी के मध्य में अमेरिका में हुई थी। इस खेल की प्रमुख शब्दावली स्ट्राइक एंट रबर, बेसमैन, होमरन, डायमंड, होम, आइट, पिचर आदि हैं।
- आधुनिक ग्रीको रोमन कुश्ती सबसे पहले फ्राँस में लोकप्रिय हुई।
- आधुनिक मुक्केबाज़ी का जन्म ब्रिटेन में हुआ है।
- खो-खो खेल का जन्म बड़ौदा (गुजरात) में हुआ है।
- कबड्डी को दक्षिण भारत में **चेडुगुडु** तथा पूर्वी भारत में **हु तू तू** कहा जाता है।
- अंतर्राष्ट्रीय एथलेटिक्स एमेच्योर फेडरेशन का मुख्यालय मांटे कार्लो, मोनाको में है।
- एथलेटिक्स को 'खेलों की रानी' कहा जाता है।
- **जिमनास्टिक फॉर यूथ** पुस्तक के लेखक जॉन गट्स मथ्स् को जिमनास्टिक का महान पितामह कहा जाता है।
- उबेर कप महिला बैडमिंटन के लिये जाना जाता है।
- गोल्फ का आधुनिक खेल 15वीं शताब्दी में स्कॉटलैंड में खेला गया था।
- भारत का सबसे पुराना पोलो क्लब **कोलकाता पोलो क्लब** है।
- भारत में बास्केटबॉल का पहला मैच सन् 1930 में खेला गया था।
- बिलियर्ड्स का प्रारंभ फ्राँस में माना जाता है।

## बहुविकल्पीय प्रश्न

1. 'एन पासेंट' किस खेल से संबंधित है?
   (a) बिलियर्ड्स (b) स्नूकर
   (c) कैरम (d) शतरंज
2. 'लिबरो' किस खेल से संबंधित है?
   (a) कबड्डी (b) खो-खो
   (c) बास्केटबॉल (d) वॉलीबॉल
3. 'मैराथन' रेस की दूरी कितनी होती है?
   (a) 21 मील 385 गज (b) 25 मील 385 गज
   (c) 26 मील 385 गज (d) 42 कि.मी.
4. 'क्रिकेट का मक्का' किस मैदान को कहा जाता है?
   (a) लार्ड्स (b) ईडन गार्डंस
   (c) मेलबर्न क्रिकेट मैदान (d) ग्रीन पार्क
5. एक पोलो टीम में कितने खिलाड़ी होते हैं?
   (a) 4 (b) 7
   (c) 8 (d) 6
6. बोनस लाइन निम्न खेल में अंकित होती है-
   (a) रग्बी (b) खो-खो
   (c) कबड्डी (d) जूडो
7. ब्लैक पर्ल किस खेल से संबंधित है?
   (a) गोल्फ (b) स्नूकर
   (c) फुटबॉल (d) घुड़दौड़
8. 'बटरफ्लाई स्ट्रोक' शब्द का संबंध है-
   (a) तैराकी से (b) मुक्केबाज़ी से
   (c) कुश्ती से (d) कबड्डी से
9. खो-खो खेल में एक टीम में कितने खिलाड़ी होते हैं?
   (a) 11 (b) 7
   (c) 12 (d) 9
10. शतरंज के एक बोर्ड में कितने वर्ग/खाने होते हैं?
   (a) 54 (b) 64
   (c) 56 (d) 72
11. क्रिकेट की गेंद का वज़न होता है-
   (a) 159.9 ग्राम से 163 ग्राम तक
   (b) 149.9 ग्राम से 153 ग्राम तक
   (c) 169.9 ग्राम से 174 ग्राम तक
   (d) 139.9 ग्राम से 143 ग्राम तक
12. सुब्रतो कप निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?
   (a) फुटबॉल (b) क्रिकेट
   (c) शतरंज (d) बैडमिंटन
13. क्रिकेट में बल्लेबाज़ कितने प्रकार से 'आउट' हो सकता है?
   (a) 5 (b) 6
   (c) 8 (d) 10
14. 'पिंच हिटर' मूलतः किससे संबंधित है?
   (a) क्रिकेट (b) पोलो
   (c) बेसबॉल (d) स्क्वैश
15. उबेर कप किसके लिये दिया जाता है?
   (a) महिला बैडमिंटन
   (b) गोल्फ
   (c) महिला टेबल टेनिस
   (d) फिंगर स्केटिंग
16. मनु भाकर का संबंध किस खेल से है?
   (a) निशानेबाज़ी (b) तीरंदाज़ी
   (c) तैराकी (d) क्रिकेट
17. आर्थर वाकर ट्रॉफी किस खेल से संबंधित है?
   (a) बेसबॉल
   (b) बिलियर्ड्स
   (c) गोल्फ
   (d) बैडमिंटन
18. किस खेल को 'सज्जनों का खेल' कहा जाता है?
   (a) हॉकी (b) क्रिकेट
   (c) गोल्फ (d) बिलियर्ड्स
19. विश्व का पहला वनडे क्रिकेट मैच किन दो टीमों के बीच खेला गया था?
   (a) भारत और इंग्लैंड
   (b) भारत और ऑस्ट्रेलिया
   (c) इंग्लैंड और साउथ अफ्रीका
   (d) इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया
20. 'कैंब्रिज नियम' का संबंध किस खेल से है?
   (a) हॉकी (b) फुटबॉल
   (c) गोल्फ (d) क्रिकेट

21. 'स्मैश' शब्द का संबंध किस खेल से है?
   (a) टेबल टेनिस
   (b) लॉन टेनिस
   (c) गोल्फ
   (d) बिलियर्ड्स

22. क्रैडल शब्द किस खेल से संबंधित है?
   (a) फुटबॉल
   (b) क्रिकेट
   (c) हॉकी
   (d) कुश्ती

**उत्तरमाला**

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (d) | 2. (d) | 3. (c) | 4. (a) | 5. (a) | 6. (c) | 7. (c) | 8. (a) | 9. (d) | 10. (b) |
| 11. (a) | 12. (a) | 13. (d) | 14. (a) | 15. (a) | 16. (a) | 17. (b) | 18. (b) | 19. (d) | 20. (b) |
| 21. (b) | 22. (c) | | | | | | | | |

## अति लघुउत्तरीय प्रश्न (उत्तर लगभग 30 शब्दों में दीजिये)

1. भारतीय क्रिकेट का जनक किसे कहा जाता है?
2. आधुनिक फुटबॉल का जन्मदाता किस देश को माना जाता है?
3. थॉमस कप और उबेर कप के बारे में बताइये।

## लघुउत्तरीय प्रश्न (उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिये)

1. भारत में फुटबाल खेल का प्रारंभ कब और कैसे हुआ? चर्चा कीजिये।

## दीर्घउत्तरीय प्रश्न (उत्तर लगभग 100/125/175 शब्दों में दीजिये)

1. शतरंज खेल के बारे में वर्णन कीजिये।

**नोट:** वर्ष 2018 से पूर्व परीक्षा प्रणाली में दीर्घउत्तरीय प्रश्नों के अंतर्गत 100/250/500 शब्द सीमा वाले प्रश्न पूछे जाते रहे हैं, जबकि नवीन परीक्षा प्रणाली के अंतर्गत 100/125/175 शब्दों के प्रश्न पूछे जाएंगे।

अध्याय
2

# प्रमुख खेल प्रतियोगिताएँ (Major Sports Contests)

विभिन्न खेलों में खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिये खेल संगठनों द्वारा खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। इन खेल संगठनों में ओलंपिक संघ का प्रमुख स्थान है। यह संगठन विश्व के कई देशों के एथलीटों की संगठित टीमों के बीच कई अलग-अलग खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन करता है। इसमें विश्व के कई क्षेत्रीय एवं बहुस्तरीय खेलों का भी आयोजन किया जाता है। ओलंपिक खेलों का आयोजन प्रत्येक चार वर्ष में होता है, परंतु कुछ खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन वार्षिक स्तर पर भी किया जाता है। इन खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन कर सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को स्वर्ण पदक, रजत पदक एवं कांस्य पदक से सम्मानित किया जाता है, इसके साथ-साथ लगभग सभी देशों में राष्ट्रीय स्तर के पुरस्कार भी प्रदान किये जाते हैं।

## 2.1 अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताएँ *(International Sports Contests)*

### ओलंपिक खेल *(Olympic Games)*

- भव्यता, रोमांच एवं अद्‌भुत प्रदर्शन की दृष्टि से ओलंपिक विश्व की सबसे बड़ी खेल स्पर्द्धा है।
- प्राचीन समय में ओलंपिक खेल यूनानी देवता ज्यूस (Zeus) के सम्मान में आयोजित किये जाते थे।
- यूनानी कैलेंडर के अनुसार प्रथम ओलंपिक खेल **776 ई.पू.** में ओलंपिया स्टेडियम में आयोजित हुए थे। इसी कारण इन खेलों के आयोजन को ओलंपिक के नाम से जाना जाता है।
- **4 से 15 अप्रैल, 1896** तक प्रथम आधुनिक ओलंपिक खेलों का आयोजन एथेंस (यूनान की राजधानी) में संपन्न हुआ।
- ओलंपिक खेलों का आयोजन अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति द्वारा किया जाता है।
- ओलंपिक खेलों का आयोजन चार वर्ष के अंतराल पर होता है। ओलंपिक खेल क्रमशः विश्व के विभिन्न देशों में आयोजित किये जाते हैं।
- अभी तक कुल 31 ओलंपिक खेल आयोजित किये जा चुके हैं।
- 31वें ओलंपिक खेलों का आयोजन **2016** में ब्राज़ील के **रियो डि जेनेरियो** में संपन्न हुआ।
- **वर्ष 2020** में 32वाँ ओलंपिक खेल का आयोजन टोक्यो (जापान) में प्रस्तावित है।

**ओलंपिक के प्रमुख अवयव**

- ओलंपिक आदर्श वाक्य
- ओलंपिक चार्टर
- ओलंपिक चिह्न
- ओलंपिक ध्वज
- ओलंपिक मशाल
- ओलंपिक शपथ
- ओलंपिक शुभंकर
- ओलंपिक पदक

#### *ओलंपिक आदर्श वाक्य (Olympic ideal sentence)*

- ओलंपिक का आदर्श वाक्य यूनानी भाषा में तीन शब्द **सिटियस**, **अल्टियस** एवं **फोर्टियस** है। इन शब्दों का अर्थ क्रमशः **और तेज़**, **ऊँचा** और **साहसी** है।
- यह आदर्श वाक्य एथलीटों को तेज़ दौड़ने, उच्चस्तरीय तथा शक्ति का भरपूर प्रदर्शन करने के लिये प्रेरित करता है।

#### *ओलंपिक चार्टर (Olympic charter)*

- **1894** में संकलित ओलंपिक चार्टर के आधार पर ओलंपिक के निम्न प्रमुख उद्देश्य हैं-
  - ◆ शारीरिक एवं नैतिक गुणों का विकास करना।

अध्याय 3

# प्रमुख खेल संस्थाएँ/संगठन (Major Sports Associations/Organization)

विश्व में खेलों के विकास में दिन-प्रतिदिन वृद्धि हो रही है। खेल कई नियमों द्वारा संचालित होने वाली एक प्रतियोगितात्मक गतिविधि है। विश्व के विभिन्न देशों ने खेलों को संचालित करने के लिये भिन्न-भिन्न संस्थाओं का निर्माण किया है। ये संस्थाएँ खेलों के लिये नियम बनाती हैं तथा उसका संचालन करती हैं, साथ-ही-साथ खिलाड़ियों को प्रोत्साहन भी प्रदान करती हैं।

## 3.1 अंतर्राष्ट्रीय खेल संस्थाएँ *(International Sports Associations)*

### अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति *(International Olympic Committee)*

- अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (IOC) एक गैर-लाभकारी स्वतंत्र अंतर्राष्ट्रीय संगठन है जो खेल के माध्यम से एक बेहतर दुनिया के निर्माण के लिये प्रतिबद्ध है।
- अप्रैल 1896 में आधुनिक युग के पहले ओलंपिक खेलों के आयोजन से ठीक दो साल पहले 23 जून, 1894 को स्थापित यह समिति ही ओलंपिक संघ का सर्वोच्च प्राधिकरण है।
- इस समिति का मुख्यालय लुसाने, स्विट्ज़रलैंड में है।
- वर्तमान (2019) में इस समिति के अध्यक्ष डॉ. थॉमस बाक हैं। ये अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति के नौवें अध्यक्ष हैं।
- अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति ओलंपिक खेलों का स्थान, नियम, संचालन आदि का निर्धारण करती है।
- अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति में भारत के एकमात्र सक्रिय सदस्य के रूप में नीता अंबानी को 2016 में चुना गया।

**अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति के अब तक के अध्यक्ष**

| क्रमांक | कार्यकाल | अध्यक्ष | देश |
|---|---|---|---|
| 1. | 1894-1896 | डिमिट्रियस विकेलस | ग्रीस |
| 2. | 1896-1925 | बैरोन पियरे डि कुबर्टिन | फ्राँस |
| 3. | 1925-1942 | हेनरी डि बैलेट-लातौर | बेल्जियम |
| 4. | 1946-1952 | सिग्रिड एस्ट्रोम | स्वीडन |
| 5. | 1952-1972 | एवरी ब्रंडेज | यू.एस.ए. |
| 6. | 1972-1980 | लॉर्ड किलानिन ऑफ डबलिन ऐंड स्पिटल | आयरलैंड |
| 7. | 1980-2001 | जुआन एंटोनियो समारैंक | स्पेन |
| 8. | 2001-2013 | जैक्स रॉग | बेल्जियम |
| 9. | 2013-वर्तमान | डॉ. थॉमस बाक | जर्मनी |

### अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद *(ICC- International Cricket Council)*

- **वर्ष 1909** में इंग्लैंड में इंपीरियल क्रिकेट कॉन्फ्रेंस की स्थापना ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड एवं दक्षिण अफ्रीका द्वारा की गई। **1965** में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट कॉन्फ्रेंस बनी। **वर्ष 1989** में इसका नाम परिवर्तन कर अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (ICC) कर दिया गया।
- यह विश्व में क्रिकेट प्रतियोगिताओं की नियंत्रक तथा नियामक संस्था है।
- यह प्रतिवर्ष क्रिकेट के सफल एवं उभरते हुए खिलाड़ियों तथा टीमों को पुरस्कृत करती है।

अध्याय
4

# प्रमुख खेल पुरस्कार (Major Sports Award)

खेल कई नियमों एवं सिद्धांतों द्वारा संचालित होने वाली एक प्रतियोगितात्मक गतिविधि है। मानव संस्कृति में खेल का बहुत ही अहम स्थान है। यही कारण है कि प्राचीन काल से आज तक खेलों का महत्त्व कम नहीं हुआ है। विश्व में खेलों को काफी प्रसिद्धि मिली है। खेलों को प्रोत्साहन देने के लिये विश्व के प्राय: सभी देश विभिन्न खेल प्रतिस्पर्द्धाओं का आयोजन करते हैं एवं खिलाड़ियों को पुरस्कृत करते हैं। विश्व एवं एशिया के विभिन्न खेल क्षेत्रों में खिलाड़ियों के बहुमूल्य योगदान के लिये पुरस्कार प्रदान किया जाता है।

## 4.1 विश्व के प्रमुख खेल पुरस्कार *(World's Major Sports Awards)*

### क्रिकेट से संबंधित *(Related to Cricket)*

क्रिकेट के क्षेत्र में वैश्विक रूप से प्रदान किये जाने वाले पुरस्कारों का विवरण निम्नानुसार है:

***आई.सी.सी. के पुरस्कार (Awards of the ICC)***

**अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद** (ICC) द्वारा क्रिकेट में विशिष्ट उपलब्धियों के लिये वर्ष 2004 से ये पुरस्कार प्रदान किये जाते हैं। इन पुरस्कारों को **क्रिकेट के ऑस्कर** की संज्ञा दी गई है।

- आई.सी.सी. क्रिकेटर ऑफ द ईयर पुरस्कार।
- आई.सी.सी. टेस्ट प्लेयर ऑफ द ईयर पुरस्कार।
- आई.सी.सी. वनडे प्लेयर ऑफ द ईयर पुरस्कार।
- आई.सी.सी. एसोसिएट क्रिकेटर ऑफ द ईयर पुरस्कार।
- आई.सी.सी. टी-20 इंटरनेशनल परफार्मेंस ऑफ द ईयर पुरस्कार।

**क्रिकेटर ऑफ द ईयर (Cricketer of the Year) (सर गारफील्ड सोबर्स ट्रॉफी)**

| वर्ष | क्रिकेटर | देश | वर्ष | क्रिकेटर | देश |
|---|---|---|---|---|---|
| 2003-04 | राहुल द्रविड़ | भारत | 2010-11 | जोनाथन ट्रॉट | इंग्लैंड |
| 2004-05 | एंड्र्यू फ्लिंटॉफ, जैक कैलिस | इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका | 2011-12 | कुमार संगकारा | श्रीलंका |
| 2005-06 | रिकी पोंटिंग | ऑस्ट्रेलिया | 2012-13 | माइकल क्लार्क | ऑस्ट्रेलिया |
| 2006-07 | रिकी पोंटिंग | ऑस्ट्रेलिया | 2013-14 | मिशेल जॉनसन | ऑस्ट्रेलिया |
| 2007-08 | शिवनारायण चंद्रपाल | वेस्टइंडीज़ | 2014-15 | स्टीव स्मिथ | ऑस्ट्रेलिया |
| 2008-09 | मिशेल जॉनसन | ऑस्ट्रेलिया | 2015-16 | रविचंद्रन अश्विन | भारत |
| 2009-10 | सचिन तेंदुलकर | भारत | 2016-17 | विराट कोहली | भारत |
| | | | 2017-18 | विराट कोहली | भारत |

अध्याय
5

# प्रमुख खेल व्यक्तित्व
# (Major Sports Personalities)

सम्पूर्ण विश्व में कई प्रकार के खेल खेले जाते हैं और भिन्न-भिन्न देशों में भिन्न-भिन्न खेलों का महत्त्व होता है। सामान्यत: खेल को एक संगठित, प्रतिस्पर्द्धात्मक और प्रशिक्षित शारीरिक गतिविधि के रूप में परिभाषित किया जाता है जिसमें प्रतिबद्धता तथा निष्पक्षता होती है। विश्व में खेलों के प्रति लोगों का रुझान प्राचीनकाल से ही रहा है। वर्तमान में विश्व एवं एशिया में खेल के प्रत्येक क्षेत्र में खिलाड़ियों ने काफी प्रसिद्धि हासिल की है। फुटबॉल, क्रिकेट, बैडमिंटन, टेनिस, शतरंज इत्यादि खेलों को प्रसिद्धि दिलाने में महान खिलाड़ियों का महत्त्वपूर्ण योगदान है।

## 5.1 विश्व के प्रमुख खेल व्यक्तित्व *(World's Major Sports Personalities)*

### क्रिकेट से संबंधित प्रमुख व्यक्तित्व

***ग्राहम एलन गूच (इंग्लैंड)***

- ग्राहम गूच, इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर हैं, जिन्होंने टीम इंग्लैंड की कप्तानी की थी।
- इनका जन्म 23 जुलाई, 1953 को लेटनस्टोन में हुआ था।
- ग्राहम गूच ने एडिलेड में इंग्लैंड के लिये सबसे अधिक टेस्ट खेलने का डेविड गॉवर के रिकॉर्ड, (117 टेस्ट) की बराबरी की।
- वह बल्लेबाज़ी और गेंदबाज़ी दोनों करते थे। मुख्यत: सलामी बल्लेबाज़ थे।
- ग्राहम गूच ने टेस्ट क्रिकेट में कुल 20 शतक बनाए।
- 1994 में न्यूज़ीलैंड के विरुद्ध ग्राहम गूच ने दोहरा शतक भी लगाया था।
- इन्होंने अपना पहला और अंतिम टेस्ट मैच ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध खेला था।
- ग्राहम गूच ने अपना पहला एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय मैच वेस्टइंडीज़ तथा अंतिम मैच ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेला था।

***माइक गैटिंग (इंग्लैंड)***

- माइक गैटिंग इंग्लैंड के एक प्रसिद्ध क्रिकेट खिलाड़ी रहे हैं। वह इंग्लैंड के पूर्व कप्तान भी रह चुके हैं।
- इनका जन्म 6 जून, 1957 ई. को किंग्सबरी मिडिलसैक्स में हुआ था।
- गैटिंग ने अपना पहला टेस्ट इंग्लैंड में (सन् 1978) पाकिस्तान के विरुद्ध खेला।
- सन् 1984 में माइक गैटिंग को विज़डन क्रिकेट ऑफ द ईयर से सम्मानित किया गया था।
- इन्हें अच्छी बल्लेबाज़ी के लिये हमेशा जाना जाएगा।

***नासिर हुसैन (इंग्लैंड)***

- नासिर हुसैन इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर एवं कप्तान रहे हैं। इन्होंने 1999 से 2003 के बीच इंग्लैंड की कप्तानी की थी।
- इनका जन्म 28 मार्च, 1968 को मद्रास (तमिलनाडु) में हुआ था।
- इन्होंने कुल 96 टेस्ट मैच एवं 88 एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले।
- नासिर हुसैन एक महान बल्लेबाज़ थे।
- इन्होंने अपना पहला टेस्ट मैच वेस्टइंडीज़ और अंतिम मैच न्यूज़ीलैंड के विरुद्ध खेला।
- इन्होंने टेस्ट में कुल 14 शतक बनाए एवं एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय मैच में केवल एक शतक इनके नाम दर्ज है।
- वर्तमान में ये क्रिकेट मैचों की कमेंट्री करते हैं।

अध्याय
6

# छत्तीसगढ़ : खेल परिदृश्य (Chhattisgarh : Sports Scenario)

छत्तीसगढ़ राज्य में खेलों की एक मजबूत संस्कृति रही है। यहाँ के खेलों में फुटबॉल, हॉकी, क्रिकेट, बास्केटबॉल, कबड्डी, वॉलीबॉल, बैडमिंटन और भारत के लगभग सभी अन्य खेल गतिविधियों का समावेश है। पारंपरिक खेलों को भी पूरे छत्तीसगढ़ में खेला जाता है।

खेल स्टेडियम छत्तीसगढ़ के खेल का एक महत्त्वपूर्ण घटक है। दुर्ग का रविशंकर शुक्ल स्टेडियम भारत के सबसे महत्त्वपूर्ण खेल स्टेडियमों में से एक है। रायपुर में कई स्पोर्ट्स क्लब और नवनिर्मित अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम हैं। इसके अलावा, रायपुर में एक फ्यूचरिस्टिक स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स का निर्माण चल रहा है।

राजनांदगाँव ज़िले में खेल गतिविधियों की एक समृद्ध संस्कृति रही है। इस स्थान ने कई राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय खेल हस्तियों को जन्म दिया है। इसी शहर में छत्तीसगढ़ का सबसे बड़ा स्टेडियम, दिग्विजय स्टेडियम है। यह शहर हॉकी के खेल के लिये प्रसिद्ध है। वास्तव में इसे 'हॉकी की नर्सरी' के रूप में जाना जाता है। यहाँ महंत सर्वेश्वर दास मेमोरियल ऑल इंडिया हॉकी टूर्नामेंट का आयोजन किया जाता है। इस टूर्नामेंट का सर्वप्रथम आयोजन 1941 में हुआ था। क्रिकेट और हॉकी दोनों मैच यहाँ आयोजित होते हैं। रणजी ट्रॉफी टूर्नामेंट भी यहाँ आयोजित किये जाते हैं।

भिलाई एक और शहर है जो छत्तीसगढ़ के खेल में महत्त्वपूर्ण योगदान देता है। छत्तीसगढ़ के गठन के बाद से इस शहर में लगभग 75 खेल टूर्नामेंट आयोजित किये गए हैं।

छत्तीसगढ़ राज्य में बहुत सक्रिय खेल संघ हैं। छत्तीसगढ़ का ओलंपिक राज्य में खेल संस्कृति के प्रसार में निरंतर अग्रसर है।

## 6.1 छत्तीसगढ़ के प्रमुख खेल *(Major Sports of Chhattisgarh)*

### छत्तीसगढ़ के पारंपरिक खेल *(Traditional Sports of Chhattisgarh)*

परंपरागत या पारंपरिक खेल का तात्पर्य वैसे लोक खेलों से होता है, जिसकी परंपरा सदियों पुरानी होती है एवं परंपरागत खेलों के उत्पत्ति स्थल या संबंधित खेल के जन्मदाता का भी कोई आँकड़ा मौजूद नहीं होता। ये खेल किसी उपलब्धि या पुरस्कार की चाहत के लिये नहीं खेले जाते बल्कि खिलाड़ियों के मनोरंजन हेतु खेलते-खेलते एक पीढ़ी से अगली पीढ़ी में हस्तांतरित होते रहते हैं। ये खेल किसी विशेष नियम एवं शर्तों से मुक्त रहते हैं और न ही ऐसे खेलों में महारत हासिल करने के लिये किसी विशेष प्रशिक्षण की आवश्यकता होती है। ये खेल सैकड़ों, हज़ारों वर्षों से मानव समाज में पीढ़ी दर पीढ़ी विकास करते आ रहे हैं। पारंपरिक लोक खेलों में जनसाधारण द्वारा सहज रूप से खेले जाने के कारण इनमें सामग्री तथा खिलाड़ियों की संख्या सुनियोजित न होकर त्वरित उपलब्धि के आधार पर तय होती है। इस प्रकार के लोक खेलों का लक्ष्य स्वस्थ मनोरंजन हासिल करना होता है।

जहाँ तक छत्तीसगढ़ प्रदेश के पारंपरिक लोक खेलों का सवाल है तो इस मामले में छत्तीसगढ़ शुरू से ही समृद्ध रहा है। छत्तीसगढ़ के एक कृषि प्रधान राज्य होने के नाते यहाँ की अधिकांश जनसंख्या गाँवों में निवास करती है और इस वजह से अनेक पारंपरिक खेलों के लुप्त होने के बावजूद भी सैकड़ों लोक खेल आज भी छत्तीसगढ़ के गाँवों में संरक्षित और पल्लवित हो रहे हैं।

छत्तीसगढ़ राज्य में पारंपरिक लोक खेलों की परंपरा मानव जीवन के साथ ही शुरू हुई है। 'झाड़ बेंदरा' को आदिम युग का खेल माना जा सकता है। छत्तीसगढ़ में जहाँ एक ओर अधिकांश लोक खेल, बाल खेल के रूप में प्रचलित हैं, वहीं

## डी.एल.पी. बुकलेट्स की विशेषताएँ

- आयोग के नवीनतम पैटर्न पर आधारित अध्ययन सामग्री।
- पैराग्राफ, बुलेट फॉर्म, सारणी तथा फ्लोचार्ट का उपयुक्त समावेश।
- विषयवस्तु की सरलता, प्रामाणिकता तथा परीक्षा की दृष्टि से उपयोगिता पर विशेष ध्यान।
- प्रत्येक अध्याय के अंत में विगत वर्षों में पूछे गए एवं संभावित प्रश्नों का समावेश।

**Website : www.drishtiIAS.com**
**E-mail : online@groupdrishti.com**

DrishtiIAS
YouTube Drishti IAS
drishtiias
drishtithevisionfoundation

**641, First Floor, Dr. Mukherjee Nagar, Delhi-110009**
**Phones : 8750187501, 011-47532596**